# लामडिंग दर्पण

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 10 | अंक 39 | जुलाई – सितम्बर 2019





## माननीय सांसदों के साथ लामडिंग मंडल का बैठक

मुख्यालय मालीगाॅव में 06 सितम्बर 2019 को माननीय सांसदों के साथ लामडिंग मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय सांसदों के साथ महाप्रबंधक पू.सी.रेल श्री संजीव रॉय और मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग मंडल श्री राम बहादुर राय सहित मुख्यालय तथा मंडल के अन्य रेल अधिकारीगण उपस्थित थे।




मुख्यालय मालीगाॅव में आयोजित माननीय सांसदों के साथ लामडिंग मंडल के बैठक का दृश्य।

## डीकॉम्पोज प्लांट का शुभारंभ

महाप्रबंधक पू.सी.रेल, श्री संजीव रॉय द्वारा 14 अगस्त 2019 को गुवाहाटी स्टेशन परिसर में एक स्वचालित डीकॉम्पोज प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग, श्री राम बहादुर राय सहित मंडल तथा मुख्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस प्लांट में एक बार में 600 किलोग्राम फूड वेस्ट को सड़ाकर खाद बनाने की क्षमता है।



खाद बनाने की मशीन का अवलोकन करते हुए महाप्रबंधक, पू.सी.रेल श्री संजीव राय साथ में मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग मंडल



महाप्रबंधक पू.सी.रेल श्री संजीव रॉय का स्वागत करते हुए मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग, श्री राम बहादुर राय।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह 2019 की झलकियाँ



मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लामडिंग के परिसर में 15 अगस्त 2019 को 73वॉं स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम–धाम से मनाया गया। समारोह में मंडल रेल प्रबंधक, श्री राम बहादुर राय मुख्य अतिथि थे। मंडल के रेल अधिकारियों, कर्मचारियों संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों तथा उनके परिजनों, स्कूल के बच्चों, एनसीसी, स्काउट एवं गाईड टीम के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग श्री सुरथ जानि भी समारोह में उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री राम बहादुर राय द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।









## डिजिटल संग्रहालय

लामडिंग मंडल के गुवाहाटी, कामाख्या, लामडिंग, डिमापुर तथा सिलचर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सितम्बर 2019 तक 6 फीट 9 इंच X 11 फीट 11 इंच आकार के डिजिटल संग्रहालयों का शुभारंभ किया जा चुका है।



लामडिंग स्टेशन में लगाए गए डिजिटल संग्रहालय का एक दृश्य।

## मंडल में नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति

नियुक्ति :– जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान मंडल में अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में कुल 10 अभ्यर्थियों तथा समूह 'घ' में 5 अभ्यर्थियों को रेल में नियुक्ति प्रदान की गई।

सेवानिवृत्ति :– अवधि के दौरान सेवानिवृत्त के कुल 81 मामलों का निपटारा किया गया।

## मंडल का समय–पालन

मंडल के सभी विभागों के सहयोग तथा प्रचालन विभाग के लगातार मॉनीटरिंग के फलस्वरूप जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान समय पालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और समय–पालन 87.11% रहा, जो कि गत वर्ष की इसी अवधि की 66.42% की तुलना में 20.69% अधिक है।

## मंडल का अर्जन

यात्री अर्जन : जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान यात्रियों की संख्या 7874812 हुई। फलस्वरूप गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 146.68 करोड़ की तुलना में यात्री अर्जन से ₹ 155.54 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 8.86 करोड़ की वृद्धि हुई।

माल अर्जन : गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 20.15 करोड़ की तुलना में जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 20.72 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 0.57 करोड़ की वृद्धि हुई है।

अन्य कोचिंग अर्जन : जुलाई–सितम्बर 2019 में अन्य कोचिंग अर्जन से कुल ₹ 16.63 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

अन्य विविध अर्जन : गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 23.42 करोड़ की तुलना में जुलाई – सितम्बर 2019 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 30.80 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य विविध अर्जन में कुल ₹ 7.38 करोड़ की वृद्धि हुई है ।

## मंडल में किए गए अन्य उत्कृष्ट कार्य

### स्वच्छता पखवाड़ा 2019

मंडल में 16 सितम्बर 2019 से 30 सितम्बर 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा का पालन किया गया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छ संवाद, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन आदि विषयों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पखवाड़ा के दौरान कई स्थानों पर स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेलपथ की सफाई करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग, श्री सुरथ जानि तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण।



स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेलपथ की सफाई करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक गुवाहाटी, श्री हरि सिंह तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

**मुख्य निष्पादन सूचकांक :–** जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान मंडल ने मुख्य निष्पादन सूचकांक में चौथा स्थान हासिल किया है। इससे मंडल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों में नए जोश एवं उत्साह का संचार हुआ है।

**रेल सुरक्षा बल :–** जुलाई–सितम्बर 2019 के दौरान रेल सुरक्षा बल के जवानों ने मंडल के गुवाहाटी तथा लामडिंग स्टेशनों में चोरी, नशाखुरानी तथा अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल कुल 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर राजकीय रेलवे पुलिस को सुपुर्द किया।

**व्हील लेथ मशीन का शुभारंभ :–** 21 सितम्बर 2019 को अगरतला में व्हील लेथ मशीन का शुभारंभ किया गया, इससे पहिया टर्निंग के लिए कामाख्या भेजने से बचा जा सकेगा साथ ही शंटिंग में अनावश्यक विलम्ब से भी बचा जा सकेगा।

### लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

**श्री अजीत चंद्र दास :–** आपने 12 जुलाई 2019 को सहायक कार्मिक अधिकारी/।।।/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**डा. राजेश कुमार :–** आपने 15 जुलाई 2019 को मंडल चिकित्सा अधिकारी/बदरपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री अजय कुमार वर्मा :–** आपने 26 जुलाई 2019 को मंडल इंजीनियर/डब्ल्यू/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री तैलेन्द्र तालुकदार :–** आपने 05 अगस्त 2019 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री बादल चाम्प्रोमारी :–** आपने 09 अगस्त 2019 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री बलदेव सिंह गहलौत :–** आपने 13 अगस्त 2019 को प्रधानाध्यापक, रेलवे उच्च विद्यालय/डिमापुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री सजल चंद्र रॉय :–** आपने 19 अगस्त 2019 को वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री परेश कलिता :–** आपने 23 अगस्त 2019 को स्टेशन निदेशक/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री सी. के. ब्रहम :–** आपने 26 अगस्त 2019 को सहायक वाणिज्य प्रबंधक/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री अशोक कुमार शर्मा :–** आपने 26 सितम्बर 2019 को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

लामडिंग मंडल में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।

### चापरमुख जं. का राजभाषा विषयक निरीक्षण

उप महाप्रबंधक (राजभाषा) मालीगॉव, श्री लक्ष्मण शिवहरे द्वारा 26 सितम्बर 2019 को चापरमुख स्टेशन का राजभाषा विषयक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रबंधक, चापरमुख जं., वरिष्ठ अनुवादक, लामडिंग तथा अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।





उप महाप्रबंधक (राजभाषा) मालीगॉव, श्री लक्ष्मण शिवहरे द्वारा चापरमुख जं. का राजभाषा विषयक निरीक्षण किए जाने का एक दृश्य।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन

लामडिंग मंडल में 02 सितम्बर 2019 को अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरथ जानि की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने मंडल कार्यालयों तथा स्टेशनों में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण आदेश दिए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के संबंध में अपने विचार प्रकट किए।



अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरथ जानि की अध्यक्षता में 02 सितम्बर 2019 को आयोजित मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का एक दृश्य।

## राजभाषा पखवाड़ा 2019 का पालन

लामडिंग मंडल में 02 सितम्बर 2019 से 16 सितम्बर 2019 तक राजभाषा पखवाड़ा का पालन किया गया। पखवाड़ा का शुभारंभ अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरथ जानि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पखवाड़ा के दौरान 04 सितम्बर को मंडल मुख्यालय में रेल कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा 07 सितम्बर को अगरतला स्टेशन में तथा 12 सितम्बर को गुवाहाटी स्टेशन में राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 सितम्बर 2019 को लामडिंग में रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा 16 सितम्बर को मुख्यालय लामडिंग में अधिकारियों के लिए राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का एक दृश्य।



अधिकारियों के लिए आयोजित राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का एक दृश्य।



गुवाहाटी में आयोजित राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का एक दृश्य।



लामडिंग में आयोजित राजभाषा प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का एक दृश्य।

**संरक्षक**
राम बहादुर राय
मंडल रेल प्रबंधक

**सह संरक्षक**
सुरथ जानि
अपर मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
निशिकांत सुत्रधर
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
अरूण कुमार बहादुर
राजभाषा अधिकारी/प्र
एवं स.मं.वित्त प्रबंधक

राजकुमार चौहान
वरिष्ठ अनुवादक